नवीन सिलिकोसिस पोर्टल का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

5 मई, 2022 को राजस्थान राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने नवीन सिलिकोसिस पोर्टल, 2022 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- उन्होंने बताया कि राजस्थान न्यूमोकोनियोसिस नीति के अंतर्गत सिलिकोसिस पीड़ितों को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता को व्यवस्थित और सरलता से प्रदान करने हेतु ऑटो अप्रूवल आधारित इस पोर्टल को शुरू किया गया है।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि पोर्टल को सर्वप्रथम पायलट स्तर पर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, जैसलमेर, टोंक, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ एवं बाराँ ज़िलों में प्रारंभ किया गया है।
- नवीन सिलिकोसिस पोर्टल के माध्यम से अब सिलिकोसिस बीमारी का प्रमाण-पत्र प्राप्त होते ही पीड़ितों एवं उनके परिवारों को सहायता राशि ऑटो अप्रूवल के माध्यम से प्रत्यक्ष हस्तांतरण की जा सकेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-silicosis-portal-launched